# समाचार

## 05 जुलाई को मतदान केन्द्रों में होगा विशेष शिविर का आयोजन

## (मतदाता अपने आधार नम्बर, इपिक नम्बर, मोबाईल नम्बर निर्धारित प्रारूप में भरकर प्रस्तुत करें )

कोरबा 04 जुलाई 2015 –भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार 05 जुलाई रविवार को जिले के सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा, शिविर में डुप्लीकेट चिन्हांकन एवं सत्यापन, त्रुटि का चिन्हांकन एवं सत्यापन तथा आधार नम्बर व मोबाईल नम्बर के संग्रहण का कार्य किया जाएगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा के पत्र क्रमांक 179/नि.पा./सामान्य निर्वाचन/ 2015–16 कोरबा दिनांक 19.06.2015 के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार 05 जुलाई 2015 रविवार को जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। निगम के उपायुक्त श्री सुमन खरे ने बताया कि शिविर के दौरान डुप्लीकेट चिन्हांकन एवं सत्यापन, त्रुटि का चिन्हांकन एवं सत्यापन तथा मतदाताओं के आधार नम्बर व मोबाईल नम्बर के संग्रहण का कार्य किया जाएगा। समस्त मतदाताओं से अपील की गई है कि वे अपने–अपने विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में पहुंचकर शिविर में आधार नम्बर, इपिक नम्बर तथा मोबाईल नम्बर आदि निर्धारित प्रारूप में भरकर आवश्यक रूप से बी.एल.ओ. के पास प्रस्तुत करें।

संपादकब्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
**सहायक जनसंपर्क अधिकारी**
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)